# मवाना मैराथन इंडिया गेट से शुरू होगी

नई दिल्ली। मवाना शूगर इंडियन ओपन मैराथन यहां आगामी 17 फरवरी को आयोजित की जाएगी। इंडिया गेट से शुरू होकर यहीं पर समाप्त होने वाली इस दौड में बारह हजार धावकों के भाग लेने उम्मीद है। मवाना शूगर के अध्यक्ष सिद्धार्थ श्रीराम ने आज यहां प्रेस कार्फ्रेंस में बताया कि इस दौड के पुरूष व महिला दोनों वर्ग के विजेता को बराबर ढाई ढाई लाख रूपया इनाम के तौर पर दिया जाएगा जबकि दूसरे स्थान पर आने वाले धावक को एक एक लाख और तीसरे स्थान पर रहने वाले को पचास हजार दिया जाएगा। इसी तरह पहले बीस धावकों के लिए इनाम रखा गया है। उषा इंटरनेशनल के सहयोग और भारतीय एथलेटिक्स महासंघ के तत्वाधान में होने वाले वाली इस प्रतियोगिता में हाफ मैराथन जीतने वाले पुरूष और महिला दोनों वर्गो को बराबर सत्तर हजार रूपया दिया जाएगा इसी तरह पहले तीस स्थान तक के धावकों को इनाम दिया जाएगा।